## महत्वपूर्ण एवं खास

### कलयुगी पिता ने तीन वर्षिय पुत्र की धारदार हथियार से गला रेतकर कर दी हत्या

**कोरबा (आरएनएस)।** कोरबा में एक बार फिर कलयुगी पिता ने अपने तीन वर्षिय पुत्र की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। मामला बालको थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत बेला के गहनिया के आश्रित मोहल्ला खेतार का है। जहाँ अमर सिंह मांझी ने अपने तीन वर्षीय बालक पवन मांझी की गला रेत कर हत्या कर दी। अमर के भाई इतवार मांझी ने खाना खाने के लिए जब बच्चे को बुलाने गया तो उसने देखा कि वो खून से लथपथ पड़ा हुआ था। उसने तत्काल गांव के पंच रतन सिंह मंझवार को सूचना दी जिसके बाद 112 को घटना की जानकारी दी गई। इस बीच नशे की हालत में अमर सिंह ने भी अपने गले को धारदार हथियार से काट लिया। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल बालको थाना प्रभारी लक्ष्मण प्रसाद खूंटे घटनास्थल पर दल बल के साथ पहुंचे और घायल अमर सिंह को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घटना गुरुवार शाम 7 बजे की बताई जा रही है। अब तक घटाना का कारण स्पष्ट नही हो पाया।

### तेंदुआ दिखने के बाद से ही क्षेत्र में दहशत व्याप्त

**कांकेर-रायपुर (आरएनएस)।** कांकेर जिले के वन परिक्षेत्र अंतर्गत शहर के आदर्श नगर वार्ड से लगे पहाड़ी में एक तेंदुआ दिखाई देने के बाद से ही क्षेत्र में दहशत व्याप्त है। उक्त तेंदुए का कुछ लोगों ने वीडियो बना लिया था यह वीडियो अब सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में तेंदुओं को पहाड़ के चट्टानों पर आते-जाते और आराम करते हुए देखा जा सकता है। गुरुवार शाम को वायरल हुई इस वीडियो के सामने आने के बाद से ही क्षेत्र में दशहत व्याप्त हो गया है। इसके पहले भी इलाके में तेंदुए के आमद की बात सामने आ चुकी है। बहरहाल वन विभाग ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि तेंदुए के विचरण क्षेत्र से दूरी बनाकर रखें तथा उत्साह में इसके करीब जाने अथवा वीडियो, फोटोग्राफी की कोशिश न करें। जितना हो सकें विचरण क्षेत्र से दूरी बनाकर रखें।

### घर में निकला पेंगोलिन, वन विभाग ने जंगल में छोड़ा

**धमतरी-रायपुर (आरएनएस)।** जिले के ग्राम भीतरराास में पेंगोलिन मिला है, इसे एक दुर्लभ प्रजाति माना जाता है। पेंगोलिन मिलने के सूचना के बाद से ही वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर पेंगोलिन को अपने पास सुरक्षित रख लिया है। बताया जाता है कि पेंगोलिन मिलने की सूचना पर बिरगुडी वन परिक्षेत्र के रेंजर मौके पर पहुंचे। वन अमला ने रेस्क्यू कर पेंगोलिन को पकड़ लिया। जिसके बाद उसे जंगल में ले जाकर छोड़ दिया गया। बताया जा रहा है कि नगरी क्षेत्र के ग्राम भीतरराास के एक घर में पेंगोलिन मिलने से पूरे गांव में लोग इसे देखने जुट गए थे। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को दी। आपको बता कि पेंगोलिन काफी शर्मिला जानवर होता है। इस जानवर से इंसान को कोई खतरा नहीं रहता। वहीं वन विभाग के कर्मचारी ने पेंगोलिन को पकडक़र सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया है।

### दुकान में घुसकर तोड़फोड़, दो गुटों में जमकर मारपीट

**बिलासपुर-रायपुर (आरएनएस)।** शहर में दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हो गई। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की दुकान में घुसकर जमकर तोडफ़ोड़ की और जो सामने आया, उसे पिटा। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सूत्रों ने बताया कि तकियापारा निवासी सेलून संचालक शिवा श्रीवास के यहां श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के लिए मटका बांधा जा रहा था। इसी दौरान वहां वाहन से गुजरते समय दूसरे पक्ष की गाड़ी से रस्सी फंस गया। इस छोटी सी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई और विवाद बढ़ते-बढ़ते मारपीट तक पहुंच गई। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। एक पक्ष ने गुस्से में आकर दूसरे पक्ष के सेलून दुकान में घुसकर जमकर तोडफ़ोड़ कर दी और भाग निकले। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गया है।

# भरोसे का सम्मेलन का आयोजन : ग्राम ठेकवा में 355 करोड़ 23 लाख रूपए की लागत के कुल 1 हजार 867 विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन एवं लोकार्पण

**रायपुर (आरएनएस)।** राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम ठेकवा में भरोसे का सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा मल्लिकार्जुन खडग़े और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के लिए 355 करोड़ 23 लाख रूपए की लागत के कुल 1 हजार 867 के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। जिसमें 177 करोड़ 86 लाख रूपए के 1 हजार 691 कार्यों का भूमिपूजन एवं 177 करोड़ 36 लाख रूपए के 176 कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

इस दौरान शासन की विभिन्न योजना अंतर्गत 8 हजार 593 हितग्राहियों को 3 करोड़ 25 लाख 74 हजार रूपए की सामग्री का वितरण किया गया।

राजनांदगांव जिला अंतर्गत 98 करोड़ 73 लाख रूपए की लागत के 824 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन-

राजनांदगांव जिला अंतर्गत 98 करोड़ 73 लाख रूपए की लागत के 824 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन होगा। जिसमें 47 करोड़ 26 लाख रूपए के 793 कार्यों का भूमिपूजन एवं 51 करोड़ 47 लाख रूपए के 31 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग के 8 कार्य के लिए 19 करोड़ 22 लाख 38 हजार रूपए, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग के 3 कार्य के लिए 3 करोड़ 99 लाख 39 हजार रूपए, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के 14 कार्य के लिए 2 करोड़ 57 लाख रूपए, जिला पंचायत राजनांदगांव के तहत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन ईकाई एसएचजी के 38 कार्य के लिए 1 करोड़ 29 लाख 58 हजार रूपए, सामुदायिक सोकपिट के 389 कार्य के लिए 3 करोड़ 89 लाख रूपए, सामुदायिक शौचालय के 1 कार्य के लिए 5 लाख 50 हजार रूपए, एफसीटीपी वर्क के 3 कार्य के लिए 39 लाख 34 हजार रूपए, मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के 126 कार्य के लिए 5 करोड़ 88 लाख 17 हजार रूपए, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण अन्य पिछड़ा क्षेत्र विकास प्राधिकरण के 201 कार्य के लिए 8 करोड़ 10 लाख 15 हजार रूपए तथा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संभाग के 1 कार्य के लिए 57 लाख 2 हजार रूपए, कृषि उपज मंडी समिति के 9 कार्य के लिए 1 करोड़ 28 लाख 53 हजार रूपए के कार्यों का भूमिपूजन किया।

इसी तरह कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग के 7 कार्य के लिए 33 करोड़ 57 लाख 82 हजार रूपए, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण उप संभाग के 3 कार्य के लिए 13 करोड़ 7 लाख 19 हजार रूपए, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राजनांदगांव के 10 कार्य के लिए 65 लाख 55 हजार रूपए, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास के 1 कार्य के लिए 1 करोड़ 91 लाख 51 हजार रूपए एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के 5 कार्य के लिए 1 करोड़ 27 लाख 80 हजार रूपए, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के 1 कार्य के लिए 12 लाख 70 हजार रूपए, सीजीएमएससी के 2 कार्य के लिए 32 लाख 72 हजार रूपए, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के 2 कार्य के लिए 51 लाख 37 हजार रूपए के कार्यों का लोकार्पण हुआ।

मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिला अंतर्गत 124 करोड़ 42 लाख रूपए की लागत के 567 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन-

मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिला अंतर्गत 124 करोड़ 42 लाख रूपए की लागत के 567 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन होगा। जिसमें 65 करोड़ 15 लाख रूपए के 437 कार्यों का भूमिपूजन एवं 59 करोड़ 28 लाख रूपए के 130 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। सीजीएमएससी मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी के 11 कार्य के लिए 41 करोड़ 58 लाख 8 हजार रूपए, छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन शाखा के 3 कार्य के लिए 7 करोड़ 84 लाख 50 हजार रूपए, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के 2 कार्य के लिए 2 करोड़ 20 लाख रूपए, जिला पंचायत राजनांदगांव के तहत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन ईकाई एसएचजी के 93 कार्य के लिए 4 करोड़ 56 लाख 55 हजार रूपए, सामुदायिक सोकपिट के 142 कार्य के लिए 1 करोड़ 42 लाख रूपए, मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के 56 कार्य के लिए 1 करोड़ 81 लाख 10 हजार रूपए, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण अन्य पिछड़ा क्षेत्र विकास प्राधिकरण के 86 कार्य के लिए 1 करोड़ 14 लाख रूपए तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अम्बागढ़ चौकी के 17 कार्य के लिए 55 लाख 50 हजार रूपए, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मानपुर के 22 कार्य के लिए 1 करोड़ 26 लाख 30 हजार रूपए, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग के 2 कार्य के लिए 1 करोड़ 89 लाख 18 हजार रूपए, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण विकास संभाग राजनांदगांव के 3 कार्य के लिए 87 लाख 56 हजार रूपए के कार्यों का भूमिपूजन किया।

## सीतामढ़ी-हरचौका में भव्य राम वाटिका तैयार, मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन

- **सौंदर्यीकरण के विकास कार्यों का 9 सितंबर को करेंगे लोकार्पण**
- **रामायण महोत्सव का होगा शुभारंभ**



**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी राम वन गमन पर्यटन परिपथ योजना के तहत जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के सीतामढ़ी-हरचौका में राम वाटिका, अधोसंरचना विकास व सौंदर्यीकरण के कार्यों का सपना साकार होने जा रहा है। कल 09 सितंबर को मुख्यमंत्री बघेल दोपहर 1.30 बजे सीतामढ़ी मंदिर परिसर हरचौका में इन कार्यों का लोकार्पण कर जनता को समर्पित करेंगे। इस मौके पर रामायण महोत्सव का शुभारंभ भी करेंगे।

लोकार्पण कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत एवं उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत करेंगे। कोरबा लोकसभा के सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत एवं बस्तर लोक सभा सांसद दीपक बैज अतिविशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम में आदिम जाति कल्याण मंत्री मोहन मरकाम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रविन्द्र चौबे, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, वाणिज्य कर मंत्री कवासी लखमा, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंडिय़ा, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री रूद्रकुमार गुरू, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल विशिष्ट अतिथि होंगे।

## शासकीय आईटीआई के रिक्त सीटों में प्रवेश के लिए 10 सितम्बर तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ में संचालित 194 शासकीय आईटीआई केंद्रों के शेष रिक्त सीटों के सत्र 2023.24 एवं 2023.25 में प्रवेश के इच्छुक अभ्यार्थियों से 10 सितम्बर 2023 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने पूर्व में किन्हीं कारणों से ऑनलाइन आवेदन रजिस्ट्रेशन नहीं कर पाए थे अथवा जिनका पूर्व में ऑनलाइन आवेदन के बाद प्रवेश का अवसर समाप्त हो चुका हो, ऐसे अभ्यर्थी 10 सितम्बर तक दोबारा ऑनलाइन आवेदन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। नए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किए गए आवेदनों एवं पूर्व में रजिस्टर्ड आवेदनों में से शेष आवेदकों के संयुक्त मेरिट सूची से प्रवेश की कार्रवाई की जाएगी। विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट सीजीआईटीआई डॉट सीजीस्टेट डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन के कौशल विकास विभाग के अंतर्गत संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण के अधीन पूर्व में 31 अगस्त 2023 की स्थिति के आवेदनों पर कार्यवाही की जा चुकी है।

## मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने के लिए अंतिम अवसर

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** मतदान तिथि के दो-चार दिन पहले लोगों में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और सुधार करने की तमाम कोशिश की जाती है, तब सिवाय इंतजार के और नाकामी के कुछ भी हासिल नहीं होता। मतदाता, मतदाता सूची में नाम नहीं होने के कारण अपने मताधिकारों का प्रयोग नहीं कर सकता इस स्थिति को भविष्य में भांपते हुए वर्तमान में कुछ दिन का समय सभी नागरिकों को मिला है। इन शेष दिनों में वे मतदाता सूची में नाम हटाना, जोड़ना और सुधार करना कर सकते हैं। इसके बाद विधानसभा चुनाव के बाद ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमति मिलने पर ही नाम जोड़ा और हटाया जा सकेगा।

उल्लेखनीय है कि जिले के मतदान केंद्रों में सोमवार 11 सितम्बर 2023 तक मतदाता विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य किया जा सकता है। इसके अंतर्गत मतदाता सूची में नाम दर्ज न होने पर आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। नाम, स्थान, पता की गलत प्रविष्टि होने पर सुधार करवाया जा सकता है।

मतदाता की मृत्यु अथवा स्थानांतरित मतदाताओं का नाम हटवाया जा सकता है। नवीन फोटोयुक्त मतदाता परिचय पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन दिया जा सकता है। आधार नंबर को मतदाता परिचय पत्र के साथ जोड़ा जा सकता है। दिव्यांग मतदाता के रूप में स्वयं को चिन्हित करवाया जा सकता है। 01 अक्टूबर 2023 की स्थिति में यदि 18 वर्ष की आयु पूरी हो रही है तो मतदाता बनने हेतु अपने मतदान केन्द्र के बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) से संपर्क करें अथवा वोटर हेल्पलाइन एप्प या वोटर सर्विस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन फार्म 6 भर सकते हैं।

## छत्तीसगढ़ में अब तक 819.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

- **प्रदेश में सर्वाधिक वर्षा बीजापुर जिले में और कम वर्षा सरगुजा जिले में**

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2023 से अब तक राज्य में 819.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2023 से आज 08 सितंबर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1390.0 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 365.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 690.2 मिमी, बलरामपुर में 753.8 मिमी, जशपुर में 670.3 मिमी, कोरिया में 763.7 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 791.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

इसी प्रकार, रायपुर जिले में 908.0 मिमी, बलौदाबाजार में 806.0 मिमी, गरियाबंद में 723.2 मिमी, महासमुंद में 834.2 मिमी, धमतरी में 782.2 मिमी, बिलासपुर में 845.7 मिमी, मुंगेली में 987.7 मिमी, रायगढ़ में 945.8 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 733.5 मिमी, जांजगीर-चांपा में 698.4 मिमी, सक्ती में 704.1 मिमी, कोरबा में 800.7 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 859.0 मिमी, दुर्ग में 696.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 643.2 मिमी, राजनांदगांव में 913.2 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1055.8 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 843.8 मिमी, बालोद में 847.3 मिमी, बेमेतरा



में 648.1 मिमी, बस्तर में 874.3 मिमी, कोण्डागांव में 890.2 मिमी, कांकेर में 816.2 मिमी, नारायणपुर में 793.0 मिमी, दंतेवाड़ा में 913.9 मिमी और सुकमा में 1223.7 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

## भैया कलेक्टर, भाभी एसपी, पापा बीइओ, मम्मी टीचर, अब बेटे ने हासिल किया डिप्टी कलेक्टर का पद

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ पीएससी 2022 का रिजल्ट घोषित हुआ है. सीजीपीएससी में दूसरारैंक हासिल कर शुभम देव डिप्टी कलेक्टर बन गए हैं.।


शुभम देव छत्तीसगढ़ कैडर के 2016 बैच के ढ्ढ्रस् अफसर और वर्तमान में मुंगेली कलेक्टर के पद पर पदस्थ राहुल देव के भाई हैं. शुभम देव की भाभी यानी कलेक्टर राहुल देव की पत्नी भी छत्तीसगढ़ कैडर के 2014 बैच के ढ्ढक्क्स् अफसर भावना गुप्ता है जो कि वर्तमान में बेमेतरा जिले में एसपी के पद पर पदस्थ हैं. उनके पिता अम्बिकापुर क्षेत्र में शिक्षा विभाग में विकासखंड शिक्षा अधिकारी है, जबकि मां भी शिक्षिका है।

शुभम देव ने बताया कि बचपन से ही उनका परिवारिक माहौल शैक्षणिक रहा है. शुभम की और उनके भाई (कलेक्टर राहुल देव) की प्रारंभिक शिक्षा अम्बिकापुर जिले के ग्रामीण परिवेश उदयपुर में हुई है. जिसके बाद आगे की पढ़ाई के लिए शहर की ओर रुख किये. 12 वीं पढाई के बाद शुभम ने कानपुर से पासआउट कर लिया. मगर उन्होंने इस क्षेत्र में जाने की बजाय ढ्ढ्रस् अफसर और कलेक्टर राहुल देव को आईडियल मानते हुए दिल्ली में रहकर क्कस्ष्ट की तैयारी में जुट गये जो कि अभी भी जारी है. इसी बीच छ्वत्रक्कस्ष्ट में उनका चयन हो गया है. जिससे उनका पूरा परिवार गौरवांवित महसूस कर रहा है. हालांकि शुभभ का कहना है कि क्कस्ष्ट की तैयारी वे अपने स्तर पर तब तक जारी रखेंगे, जब तक सफलता न मिल जाए. वहीं उन्होंने अपने इस सफलता के लिए गुरुजन समेत माता-पिता और भैया-भाभी को श्रेय दिया है।

शुभम देव ने छ्वत्रक्कस्ष्ट और क्कस्ष्ट की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए संदेश देते हुए कहा कि असफलता से ही सफलता का द्वार खुलता है. इसलिए असफलता मिलने पर निराश होने की बजाय अपने लक्ष्य को लेकर मेहनत करते रहना है, सफलता जरूर मिलेगी. जरूरी नहीं की सफलता एक ही बार में मिल जाए. इसलिए तब तक लक्ष्य को पाने ले लिए जुटे रहना है जब तक कामयाबी न मिल जाए.

## राज्य सरकार हर हाल में किसानों से 20 क्विंटल धान लेगी -भूपेश बघेल

- **-कांग्रेस नेताओं ने साधा भाजपा पर निशाना**
- **-भरोसे के सम्मेलन में कांग्रेस नेताओं के साथ पहुंचे मल्लिकार्जुन खड़गे**



**राजनांदगांव-रायपुर (आरएनएस)।** केन्द्र सरकार छत्तीसगढ़ से चावल खरीदे ना खरीदे लेकिन हम अपने किसानों से हर हाल में 20 क्विंटल धान खरीदेंगे। छत्तीसगढ़ में 15 साल भाजपा का शासन रहा यहां के डा. रमन सिंह मुख्यमंत्री रहे, लेकिन सबसे पिछड़े 10 जिलों में राजनांदगांव जिला भी शामिल रहा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राजनांदगांव जिले के ग्राम ठेकवा में आयोजित भरोसे के सम्मेलन को संबोधित करते हुए उक्त बातें कहीं। सीएम भूपेश बघेल ने आगे कहा कि डा. रमन सिंह और भाजपा के राज में छत्तीसगढ़ में हुए लूट, खसोट, आंखफोड़वा कांड, गर्भाशयकांड को प्रदेश की जनता भूली नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि राजनांदगांव संस्कारधानी है। यहां से निकले बड़े कलाकारों को नमन करता हूं। सबका राशन कार्ड बन रहा है। किसी का राशन कार्ड कट नहीं रहा है। नई बहू आ गई, परिवार अलग हो गया तो भी राशन कार्ड बन रहा है। आदिवासी क्षेत्र में गुड़ बंट रहा है। किसी गरीब को अनाज के बिना तकलीफ नहीं हो रही है। हम किसानों से 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान भी खरीदेंगे। कोरोना महामारी के बावजूद हमने किसानों से धान की खरीदी जारी रखी। हम हमेशा किसान, मजदूर के हित में काम करते हैं। हम दो रुपए में गोबर खरीदते हैं। आज गौपालक हो, किसान हो, बेरोजगार साथी हो, हम सबको पैसा देते हैं। हम हर पंद्रह दिन में डीबीटी के माध्यम से पैसा देते हैं। हर तीन महीने में किसानों के खाते में पैसे डालते हैं। तेंदूपत्ता संग्राहकों को पैसा भेजते हैं। बेरोजगारों को हर महीने पैसे देते हैं।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होना है। इसे देखते हुए कांग्रेस अपने बड़े नेताओं को छत्तीसगढ़ का दौरा कराने कमर कस चुकी है। इसी क्रम में आज कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे वर्तमान में प्रदेश के दौरे पर हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे राजनांदगांव में आयोजित 'भरोसे का सम्मेलन' में शामिल होने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साा ग्राम ठेकवा पहुंच हुए हैं। उनके साथ विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत, उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत भी मौजूद हैं। अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा पर सीधा निशाना साधते हुए पुराने कांडों को जनता के सामने फिर से रख दिया।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.वी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करावेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU